भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4739

29 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

इस्पात के लिए पीएलआई योजना

4739. श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विशिष्ट इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत विभिन्न उत्पाद श्रेणियों के लिए न्यूनतम निवेश सीमा का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अधिकांश श्रेणियों के लिए उच्च निवेश सीमा एमएसएमई और छोटे उद्यमियों को पीएलआई योजना का लाभ लेने से रोकेगी;

(ग) यदि हाँ, तो सरकार का इस मुद्दे का समाधान किस प्रकार करने का प्रस्ताव है;

(घ) क्या सरकार ने विशिष्ट इस्पात के उत्पादन में भाग लेने के लिए एमएसएमई और छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (ङ): सरकार ने एमएसएमई सहित इस्पात विनिर्माताओं के सभी वर्गों के साथ व्यापक परामर्श किए। इन विचार-विमर्शों के बाद प्रोत्साहन दिए जाने वाले विशेष इस्पात श्रेणियों की सूची और निवेश सीमाओं सहित अन्य मापदंडों को अंतिम रूप दिया गया। विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के अंतर्गत विभिन्न उत्पाद श्रेणियों हेतु न्यूनतम निवेश सीमा का ब्यौरा निम्नवत् है:

क्र.सं.	उप-श्रेणी	न्यूनतम निवेश सीमा (करोड़ रु.)
1	गेलवेनियल/जीआई-ऑटो-जीआर	700
2	टिन मिल उत्पाद	600
3(क)	धात्विक/गैर-धात्विक मिश्र धातुओं के कोटेड/प्लेटेड उत्पाद	200
3(ख)	एल्यूमीनियम-जिंक कोटेड (गैलवैल्यूम)	
4	कलर कोटेड	300
5(क)	एचआर क्वाइल, शीट्स और प्लेट्स एपीआई जीआर 52<=एक्स<=70	

5(ख)	एचआर क्वाइल, शीट्स और प्लेट्स एपीआई जीआर> एक्स -70	2750
5(ग)	हाई टेंशाइल शीट्स, क्वाइल, प्लेट्स, वाईएस> = 450	
6	ऑटो जीआर स्टील एएचएसएस (सीआरसीए: कोल्ड रोल्ड क्लोज्ड एनियेल्ड)	1000
7(क)	बॉयलर गुणवत्ता, प्रेशर वेसल्स	2500
7(ख)	क्यूटी / घर्षण प्रतिरोधी और घिसाव प्रतिरोधी	
8(क)	असिमेट्रिक रेल्स	350
8(ख)	हेड हार्डेंड रेल्स	
9(क)	मिश्र धातु इस्पात: उपकरण और डाई स्टील	100
9(ख)	मिश्र धातु इस्पात: वाल्व स्टील	
10	मिश्र धातु इस्पात: बियरिंग स्टील	
11	ऑटोमोटिव पावरट्रेन स्टील	
12	प्रेसिपिटेशन हार्डेंड स्टेनलेस स्टील	
13	टायर बीड वायर	
14	सी' क्लास जिंक कोटेड वायर	
15	जिंक - एल्यूमीनियम कोटेड वायर	
16	टायर कॉर्ड (ब्रास कोटेड)	600
17	ऑयल टेम्पर्ड स्प्रिंग स्टील वायर	30
18	सीआरजीओ	5000
19	सीआरएनओ	700

****